## सुसाइड नोट में लिखा-किन्नर काजल और उसका भाई करते थे ब्लैकमेल

# डबल मर्डर के आरोपी ने होटल सिद्धांत में फांसी लगाकर जान दी

सतना

कोलगवां थाना क्षेत्र के कॉफी हाउस के बगल में स्थित होटल सिद्धांत में एक युवक ने कमरे के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतर कर पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचा दिया। पुलिस ने मर्द काम किया है और घटना की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक उसके पास से सुसाइड नोट मिला है। मृतक कानपुर में डबल मर्डर का आरोपी था। मृतक यूपी के कानपुर में किन्नर काजल और उसके 12 साल के ममेरे भाई देव की हत्या करने के बाद फरार था। होटल में वह पर्दे से बने फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान आकाश विश्वकर्मा 30 वर्ष निवासी कानपुर के रूप में हुई है। कानपुर पुलिस को आकाश विश्वकर्मा के सुसाइड की जानकारी दे दी गई है।



यूपी पुलिस अब पूरे मामले की जांच करेगी। कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी ने बताया कि आकाश के पैंट की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने लिखा है कि मैं कानपुर में 2 लोगों की हत्या करके आया हूं। दोनों भाई-बहन मुझे प्रताड़ित कर ब्लैकमेल कर रहे थे। मैं अपनी इच्छा से मर रहा हूं।

### शनिवार को होटल में आया था

आकाश आकाश विश्वकर्मा ने शनिवार को सेमरिया चौक स्थित होटल में कमरा लिया था। वह रूम नंबर-27 में ठहरा हुआ था। रविवार शाम को उसने चेकआउट किया और यहां से रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुआ था। ट्रेन छूटने पर वह वापस होटल लौटा और फिर से वही कमरा बुक किया था। सोमवार दोपहर सफाई कर्मचारी ने कमरे में कोई हलचल नहीं होने पर होटल स्टाफ को सूचना दी। दरवाजे पर दस्तक दी गई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। होटल स्टाफ ने तत्काल कोलगवां पुलिस को सूचना दी।

### डुप्लीकेट चाबी से कमरे का दरवाजा खोला

कोलगवां पुलिस के अनुसार होटल प्रबंधन की सूचना के बाद टीम मौके पर पहुंची। दूसरी चाबी से दरवाजा खोला। आकाश फंदे पर लटका हुआ था। उसने सुसाइड नोट में कानपुर में दो लोगों की हत्या का जिक्र किया था, इस आधार पर पड़ताल की तो सामने आया कि कानपुर में किन्नर काजल व उसके 12 वर्षीय ममेरे भाई देव की उसने हत्या की थी।

### किन्नर की ब्लैकमेलिंग से परेशान था

प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया है कि वह किन्नर की ब्लैकमेलिंग से परेशान था। जांच में पता चला है कि काजल खुद को किन्नर कहलाना पसंद नहीं करती थी, इसलिए उसने लड़की बनने के लिए मुंबई के अस्पताल में 5 लाख में चेहरे की सर्जरी भी कराई थी। भाई-बहन की हत्या के मामले में काजल की मां गुड्डी ने तीन करीबियों आलोक उर्फ गोलू, आकाश और हेमराज उर्फ अजय पर हत्या का आरोप लगाया था। उसने हनुमंत विहार थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। पुलिस को जांच में पता चला है कि काजल का पहले आलोक से अफेयर था, बाद में आकाश से उसकी करीबी हो गई थी। किन्नर की साथी देविका का प्रेमी हेमराज भी काजल से नजदीकियां बढ़ाने की कोशिश कर रहा था। आकाश के साथ मिलकर काजल नौबस्ता में एक प्लॉट खरीदने के लिए पांच लाख रुपए बयाना देकर आई थी। वह किसी भी कीमत में आकाश को छोड़ना नहीं चाहती थी। आकाश उससे पीछा छुड़ाना चाहता था, इसलिए उसने भाई बहन की हत्या कर दी।

## गुंडागर्दीः दिनदहाड़े युवक की पिटाई कट्टा लहराकर फैलाई दहशत



**सतना।** जिले के सभापुर थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुए, बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक की बेरहमी से पिटाई की। यह घटना बिरसिंहपुर-कोटर रोड पर नागौरा के पास हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि एक काले रंग की स्कॉर्पियो और एक बोलेरो में सवार कुछ लोगों ने बाइक सवार युवक को जबरन रोक लिया। कार से उतरे हमलावरों ने युवक को सड़क पर गिराकर बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान, भीड़ में से एक युवक ने अवैध कट्टा लहराकर दहशत फैलाई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने न केवल मारपीट की, बल्कि खुलेआम हथियार का प्रदर्शन कर कानून को धत्ता बताया। सार्वजनिक स्थान पर हुई इस घटना से स्थानीय लोगों में डर का माहौल है। वायरल वीडियो सामने आने के बाद सभापुर थाना पुलिस हरकत में आ गई है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है और उनकी तलाश में टीमें भेजी गई हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह घटना सरकारी इमारतों के निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करती है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## खबर संक्षेप

### इनामी आरोपी को महिला पुलिस ने दबोचा

**सतना।** पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट के मामले में फरार चल रहे 5,000 के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान साहिल यादव के रूप में हुई है, जो लंबे समय से फरार था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर यह गिरफ्तारी संभव हो पाई। यह मामला 15 मार्च का है, जब फरियादिया केशकली चौधरी और उनके बेटे आयुष्मान चौधरी को दूल्हेबाबा मंदिर के पास यादव ने कथित तौर पर जातिसूचक गालियां दीं और उन पर हमला किया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, जब माँ-बेटे ने इसका विरोध किया, तो यादव ने उन पर शारीरिक हमला कर दिया। उसने किसी नुकीली चीज से बेटे के हाथ पर वार किया, जिससे वह घायल हो गया। शोर मचाने पर आस-पास के लोग इकट्ठा हुए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। महिला थाना पुलिस ने मामले की जांच की, लेकिन आरोपी लगातार फरार चल रहा था। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 5,000 का इनाम घोषित किया था। आरोपी के खिलाफ सिटी कोतवाली में पहले से ही एक स्थायी वारंट जारी था। गिरफ्तारी के बाद, उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे केंद्रीय जेल सतना भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक श्वेता मौर्य, एएसआई एम डी पाण्डेय, और अन्य पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

### 'भारतीय सामान हमारा स्वाभिमान' अभियान

**सतना।** देश में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए व्यापारियों के शीर्ष संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने भारतीय सामान हमारा स्वाभिमान अभियान शुरू किया है। कैट के प्रदेश सचिव अशोक दौलतानी, जिलाध्यक्ष मनोहर वाधवानी और महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि यह अभियान जनचेतना और जनजागृति के माध्यम से आमजन, व्यापारियों और उद्यमियों तक पहुंचाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना है। कैट का मानना है कि भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता विश्व स्तरीय है और उनकी कीमतें भी वाजिब हैं। रेडीमेड वस्त्र व्यापारी संघ के अध्यक्ष अशोक वाधवानी, सतना मोटर ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष मनोज शर्मा, किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष राम औतार चमड़िया और जनरल मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष जेठानंद वाधवानी सहित कई व्यापारियों ने इस अभियान का समर्थन किया है। उन्होंने लोगों से भारतीय सामान का ही इस्तेमाल करने और अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का आग्रह किया।

### आम आदमी पार्टी ने उठाई जगतदेव तालाब की सफाई का मुद्दा

**सतना।** आम आदमी पार्टी (आप) ने सतना के जगतदेव तालाब में फैली जलकुंभी और मंदिर की सफाई को लेकर नगरनिगम पर सवाल उठाए हैं। आप के यूथ प्रदेश सचिव देवांशू द्विवेदी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने महापौर योगेश ताम्रकार को ज्ञापन सौंपा। इसमें चेतावनी दी गई है कि अगर 21 दिनों के भीतर तालाब की पूर्ण सफाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। महापौर योगेश ताम्रकार ने तालाब को शहर की धरोहर बताते हुए जल्द से जल्द सफाई कराने का आश्वासन दिया। आप के नेताओं ने महापौर से व्यक्तिगत रूप से सफाई कार्य की निगरानी करने का अनुरोध किया। यूथ प्रदेश संयुक्त सचिव राहुल सिंह परिहार ने महापौर को उनके पुराने प्रयासों की याद दिलाई। पार्टी ने वार्ड 25 के निवासी प्रकाश शर्मा बढ़खेरा के प्रयासों की सराहना करते हुए निगम प्रशासन से उनकी मदद के लिए दो कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग भी की है। आप का कहना है कि यह तालाब और मंदिर धर्म और आस्था का प्रतीक है, और वे इसे नष्ट नहीं होने देंगे।

## महिला थाने में छत का प्लास्टर गिरा, बड़ा हादसा टला

सतना






शहर के महिला थाने में कल शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। थाने के हॉल और विवेचना कक्ष की छत का प्लास्टर अचानक गिर गया। गनीमत यह रही कि घटना के समय न तो टी आई और न ही कोई अन्य स्टाफ कमरे में मौजूद था। यह घटना थाने की जर्जर हालत को उजागर करती है। 2005 में बना यह थाना 20 साल भी ठीक से नहीं चल पाया है। इसकी हालत इतनी खराब है कि पहले भी इसकी मरम्मत कराई जा चुकी है और छत का छज्जा भी गिर चुका है। जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय कोई फरियादी भी मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। इस घटना के बाद थाने के स्टाफ और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है। सवाल यह उठता है कि आखिर इतनी जल्दी थाने की इमारत जर्जर कैसे हो गई और इसकी सही तरीके से मरम्मत क्यों नहीं कराई गई? यह घटना सरकारी इमारतों के निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करती है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## मैहर में 'हर घर तिरंगा' अभियान के बीच 100 फीट ऊंचे पोल पर नहीं फहराया गया तिरंगा, उठे सवाल

मैहर।



*देशभर में 'हर घर तिरंगा' अभियान पूरे जोर-शोर से चल रहा है, लेकिन मैहर में नगर पालिका की कथित लापरवाही सामने आई है। महाराजा अग्रसेन चौक पर लगे 100 फीट ऊंचे पोल पर, जिस पर पहले तिरंगा हमेशा लहराता था, इस अभियान के बावजूद अब तक तिरंगा नहीं लगाया गया है। जनपद पंचायत मैहर की सभापति प्रिया प्रभात द्विवेदी ने इस पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इसे नगर पालिका की गंभीर लापरवाही और दलगत राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा की वर्तमान परिषद पूर्व परिषद के अच्छे कामों को नजरअंदाज कर रही है, लेकिन उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि राष्ट्र और राष्ट्रभक्ति दलगत राजनीति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। प्रिया द्विवेदी ने कलेक्टर को पत्र लिखकर इस पोल पर जल्द से जल्द तिरंगा लगाने की मांग की है और इसे राष्ट्र के सम्मान पर चोट बताया है।*

## साहित्यिक संस्था 'अंकुर' ने साहित्यकार श्री कुशवाहा हरि को दी श्रद्धांजलि

मैहर।



साहित्यिक संस्था 'अंकुर' ने मैहर के सरना पैलेस में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया, जिसमें दिवंगत साहित्यकार श्री कुशवाहा हरि को याद किया गया। इस सभा में साहित्यकारों ने शब्दों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्री कुशवाहा हरि की धर्मपत्नी श्रीमती ऊषा कुशवाहा और उनके बच्चे भी उपस्थित रहे। साहित्यिक संस्था 'अंकुर' के अध्यक्ष रामनरेश तिवारी सहित अन्य सदस्यों और साहित्य प्रेमियों ने श्री कुशवाहा हरि के साहित्यिक योगदान को याद किया। इस सभा में रवि नंदन मिश्र, डॉ.जी.पी.चौरसिया, डॉ.अशोक अवधिया, वीरेंद्र प्रताप सिंह, राजललन मिश्र, श्रीमती मधु जैन, रामेश्वर लहरी, श्याम बाजपेई, आशीष त्रिपाठी, सतविंदर सिंह सरना, अंबालाल पटेल, पार्षद केशव कुशवाहा, अशोक चौबे, संजय जैन, शशांक श्रीवास्तव, राजेश बढ़ोलिया, ठाकुर कुशवाहा और राधेश्याम सोनी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## मैहर-बरही मार्ग की खस्ताहाल सड़क से राहगीर परेशान, फिर हुआ हादसा



मैहर

मैहर से बरही जाने वाली सड़क की जर्जर हालत के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सोमवार को हरनामपुर के पास सरिया से लदा एक तीन पहिया वाहन पलट गया, जिससे सड़क पर जाम लग गया और यातायात प्रभावित हुआ। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस सड़क पर लगभग हर दिन कोई न कोई हादसा होता रहता है। कुछ दिन पहले ही ग्रामीणों ने मैहर कलेक्ट्रेट में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सड़क की मरम्मत की मांग की थी, लेकिन पाँच दिन बीत जाने के बाद भी कोई काम शुरू नहीं हुआ है। ग्रामीणों में प्रशासन और एमपीआरडीसी के प्रति काफी नाराजगी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत शुरू नहीं हुई, तो वे आंदोलन करेंगे।

### मां शारदा देवी धामः सुलभ शौचालय में 5 की जगह 20 रुपये की वसूली

**मैहर।** मां शारदा देवी धाम में स्थित स्वास्तिक बिल्डिंग के सुलभ शौचालय के ठेकेदार गोविंद यादव पर मनमानी और यात्रियों से अभद्रता का आरोप लगा है। मंदिर समिति ने शौचालय का शुल्क प्रति व्यक्ति 5 रुपये निर्धारित किया है, लेकिन ठेकेदार कथित तौर पर 20 रुपये वसूल रहा है। इस मामले को लेकर स्थानीय दुकानदारों ने भी मंदिर समिति में शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आज सतना से आए यात्री नागेंद्र परोहा और उनके परिवार के साथ भी ऐसा ही हुआ। जब उन्होंने निर्धारित शुल्क 5 रुपये देने की बात कही, तो ठेकेदार ने उनके साथ गाली-गलौज और बदसलूकी की। यात्रियों ने जब पुलिस में शिकायत करने की बात कही, तो ठेकेदार ने कहा कि तुम्हें जहां शिकायत करनी है, कर दो, हम 20 रुपये ही लेंगे। इसके बाद नागेंद्र परोहा ने देवी धाम पुलिस चौकी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और मैहर प्रशासन से इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

### बस कंडक्टर से मारपीट, घटना सीसीटीवी में कैद

**सतना।** सतना से पनगरा जा रही एक बस के कंडक्टर के साथ कुछ मोटरसाइकिल सवार युवकों ने मारपीट की। यह घटना बस को रास्ते में रुकवाकर अंजाम दी गई। युवकों ने कंडक्टर से शराब पीने के लिए पैसे मांगे, और पैसे न देने पर उसके साथ जमकर मारपीट की। यह पूरी घटना बस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित कंडक्टर ने नागौद थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश कर रही है। इस घटना ने सार्वजनिक परिवहन में यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पूर्व सैनिकों की भव्य तिरंगा यात्रा



**सतना।** चंद्रशेखर आजाद पूर्व सैनिक संगठन द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। सुबह 10 बजे टाउन हॉल से शुरू हुई इस यात्रा में जिले के सभी पूर्व सैनिक शामिल हुए। ब्रिगेडियर भूपेंद्र सिंह, ब्रिगेडियर देवेंद्र सिंह, कर्नल यस वी सिंह और रामभान फौजी चाचा ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा सेमरिया चौक, कृष्ण नगर रोड, हॉस्पिटल चौक, पन्नीलाल चौक, जय स्तंभ चौक, अग्रसेन चौक, धवारी चौक से होते हुए शहीद स्मारक, सिविल लाइन पर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान कई सामाजिक संगठनों ने पानी, केले, सेब और मिठाइयां वितरित कीं। शहीद स्मारक पर एक मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वीर नारियों और वीर जवानों की संतानों का सम्मान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में श्रीमती आरती सिंह और उनकी टीम ने तलवारबाजी का प्रदर्शन किया, जबकि वाईकेएस विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। यह कार्यक्रम पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत था।



## अवैध कफ सिरप तस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**सतना।** पुलिस ने नशीली कफ सिरप की अवैध तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत द्वारा चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत की गई। यह घटना 11 अगस्त की है, जब सभापुर थाने की पुलिस टीम ग्रामीण क्षेत्र में गश्त कर रही थी। खांच मोड़ पर एक पान की दुकान के पास पुलिस को एक व्यक्ति नशीली कफ सिरप बेचते हुए दिखा। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। उसके पास से भारी मात्रा में ऑनरेक्स नामक नशीली कफ सिरप जब्त की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान रणजीत कुमार कोल 18 वर्ष के रूप में हुई है, जो सभापुर थाना क्षेत्र के गोडगवा गांव का निवासी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक शंखधर द्विवेदी और उनकी टीम की इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि नशीले पदार्थों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## यातायात पुलिस ने चौराहों पर रिफ्लेक्टर लगाकर सड़क सुरक्षा बढ़ाई



**सतना।** *शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए यातायात पुलिस ने एक सराहनीय कदम उठाया है। शहर के डिवाइडरों पर उच्च गुणवत्ता वाले रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं, जिससे रात के समय उनकी दृश्यता बढ़ सके। यातायात उप पुलिस अधीक्षक संजय खरे और थाना प्रभारी पंकज शुक्ल के मार्गदर्शन में की गई इस पहल का उद्देश्य रात या कम रोशनी की स्थिति में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना है। रिफ्लेक्टर लगने से वाहन चालकों को डिवाइडर साफ दिखाई देंगे, जिससे उन्हें लेन बदलने या मोड़ने में आसानी होगी और दुर्घटना की संभावना कम होगी। थाना प्रभारी पंकज शुक्ल ने बताया कि यह कदम विशेष रूप से उन जगहों पर उठाया गया है जहां रात के समय वाहन चालकों को ज्यादा दिक्कतें आती थीं। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में शहर के अन्य मार्गों पर भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, सुरक्षित गति से वाहन चलाएं और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में पुलिस का सहयोग करें। इस पहल से शहर का यातायात अधिक सुगम और सुरक्षित होगा।*

## पशु तस्करी का वाहन पलटा, एक भैंस की मौत

**सतना।** *सभापुर थाना क्षेत्र के पगार गांव में पशु तस्करी का अवैध परिवहन कर रहा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। यह घटना बीती रात की बताई जा रही है। हादसे में एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य भैंसें घटनास्थल पर मौजूद थीं। दुर्घटना के बाद तस्कर वाहन को मौके से हटाने में कामयाब रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह पिकअप वाहन एक स्कॉर्पियो के साथ चल रहा था, जिसमें तस्कर सवार थे। यह घटना पशु तस्करी के अवैध कारोबार को उजागर करती है, जो इस क्षेत्र में सक्रिय है। पुलिस द्वारा इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है।*

### इंदौर में पहली डीलरशिप, तेज़ी से विस्तार की योजना

## जापानी ईवी निर्माता टेरा मोटर्स ने एमपी में की एंट्रीः ऑन-रोड कीमत रुपये 3.74 लाख, 200 किमी रेंज वाला एल 5 इलेक्ट्रिक ऑटो

जबलपूर

जापान की इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माता कंपनी टेरा मोटर्स ने मध्य प्रदेश में अपने पहले एल5 हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक ऑटो की डीलरशिप के साथ प्रवेश किया है। यह कदम कंपनी की रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत वह राज्य में बढ़ती ईवी स्वीकार्यता का लाभ उठाकर भारत के टॉप 5 थ्री-व्हीलर बाजारों में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। टेरा मोटर्स पिछले एक दशक से भारत के इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर ई-रिक्शा क्षेत्र में सक्रिय है। कंपनी को मध्य प्रदेश में अच्छे व्यापारिक अवसर दिख रहे हैं, खासकर मजबूत डीलर इंटरेस्ट और प्रतिस्पर्धी प्रोडक्ट ऑफरिंग्स के कारण। हाल ही के महीनों में, कई प्रमुख ईवी डीलर्स ने अन्य ओईएम कंपनियों को छोड़कर टेरा मोटर्स से जुड़ने का निर्णय लिया है। इसके पीछे कंपनी की किफायती कीमतें, जापानी ब्रांड पर विश्वास और सशक्त सपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर मुख्य कारण रहे हैं। इंदौर में नियुक्त किया गया नया डीलर – जो पहले एक अग्रणी ओईएम का टॉप-सेलिंग पार्टनर था – उसने टेरा से जुड़ने का निर्णय लिया, क्योंकि कंपनी किफायती कीमतों, टेरा फाइनेंस के ज़रिए इन-हाउस फाइनेंसिंग, और जापानी ब्रांड पर विश्वास जैसी सुविधाएं दे रही है।



टेरा मोटर्स पहले ही उत्तर प्रदेश में कई प्रमुख थ्री-व्हीलर डीलर्स के साथ साझेदारी कर चुकी है और मध्य प्रदेश में भी इसी रणनीति को अपनाने की योजना बना रही है। ऑन-रोड कीमत रुपये 3.74 लाख से शुरू होकर और एक बार चार्ज करने पर 200 किलोमीटर तक की रेंज के साथ, कंपनी का लक्ष्य है कि हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को चालकों और डीलरों दोनों के लिए सुलभ और लाभदायक बनाया जाए। "मध्य प्रदेश हमारे लिए एक प्रमुख बाजार है," टेरा मोटर्स के प्रवक्ता ने कहा। "यहां का बड़ा थ्री-व्हीलर बेस और बढ़ती ईवी स्वीकार्यता हमें काफी संभावनाएं देती है। हमारा डीलर-प्रथम दृष्टिकोण, जापानी ट्रस्ट और आसान फाइनेंसिंग के साथ, हमारे विस्तार की नींव है। हम मध्य प्रदेश भर में नए डीलर पार्टनर्स की तलाश में हैं, जो हमारे नेटवर्क से जुड़कर इस विकास यात्रा का हिस्सा बन सकें।" इंदौर डीलरशिप की यह लॉन्चिंग टेरा मोटर्स के मध्य भारत में बड़े विस्तार की शुरुआत है, और आने वाले महीनों में एमपी के कई प्रमुख शहरों में नई आउटलेट्स खोलने की योजना है।

### खबर संक्षेप

## 24 वर्षीय युवक 7 अगस्त से लापता, भाई ने थाना अजयगढ़ में गुमशुदा को लेकर लिखाई रिपोर्ट



**पन्ना।** फरियादी रोहित कुमार अहिरवार पिता सतीचरण अहिरवार उम्र 29 वर्ष हाल निवास ग्राम बरकोला थाना अजयगढ़ में अपनी मां राधा बाई अहिरवार के साथ पहुंचकर अपने मझले भाई रामरतन अहिरवार उम्र 24 वर्ष जो इलेक्ट्रिक का काम करता है दिनांक 07. अगस्त 2025 को मै बांदा गया था रात करीब 8 बजे मुझे मेरी मां राधा बाई ने फोन से बताया कि रामरतन दोपहर करीब 2:30 बजे अजयगढ़ बाजार को कहकर गया मोटर साईकिल लेकर गया था मोटर साईकिल अजयगढ़ में रामरूप के यहां रखकर घर वापस आने की बात कही थी जो घर वापस नहीं गया। 8 अगस्त 2025 को बांदा से घर आया तो परिवारवालों के साथ भाई रामरतन अहिरवार की तलाश आस-पास पड़ोस व गांवों में रिश्तेदारियों में पता करते रहे जिसका कोई पता नहीं चला जिसको लेकर थाना अजयगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गुमशुदा की इस तरह से 24 वर्षीय युवक के गायब होने की खबर चर्चा में।

## बडखेरा निवासी हरि प्रताप मिश्रा का आकस्मिक निधन



**पन्ना।** बिगत रात्रि दिन रविवार की रात्रि 11:00 बजे हृदय गति रुक जाने के कारण हरी प्रताप मिश्रा ने अपने ग्रह निवास पवई में प्राण त्याग दिए, जिसके पश्चात ४ बेटे अपने रिश्तेदारों के साथ सोमवार को सुबह प्रयागराज के लिए रवाना हुए, प्रयागराज पहुंच कर अंतिम संस्कार किया, श्री मिश्रा ने अपने जीवन काल में स्वास्थ्य विभाग में सेवा देकर सेवा निवृत थे एवं विगत कई वर्षों से गंभीर बीमारी के चलते बीमार चल रहे थे। विगत कुछ दिन से जबलपुर कटनी का इलाज चल रहा था। वहीं श्री मिश्रा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए है। जिनके चार पुत्र है जिसमें प्रमोद, अनिल, सुशील, विनोद के साथ नाती -नातिन अनुपम के साथ पंती तक छोड़ कर गए है। मौत की खबर सुनकर पूरे पवई नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में शोक की लहर है,

## तीन दिवसीय रक्तदान अभियान में बनें सहभागी

**पन्ना।** टीएल बैठक के प्रारंभ में ब्रम्हाकुमारी संस्था के तत्वाधान में तीन दिवसीय रक्तदान अभियान में सहभागिता के संबंध में विचार विमर्श किया गया। विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर आयोजक संस्था के समाज सेवा प्रभाग द्वारा रक्तदान अभियान आयोजित किया जा रहा है। 22 अगस्त को देवेन्द्रनगर, 23 अगस्त को पवई और 24 अगस्त को पन्ना में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस पुण्यदान के कार्य में शासकीय सेवकों से भी सहभागी बनने की अपेक्षा की गई। जिला कलेक्टर द्वारा इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित बीएमओ को दिए गए। इस मौके पर उपस्थितजनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, एसडीएम संजय नागवंशी, डिप्टी कलेक्टर अनिल तलैया सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### भगवान विश्वकर्मा जी के अस्त्र-शस्त्र सहित अन्य सामग्री को उड़ा ले गए चोर

# भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर और राम जानकी मंदिर में चोरी करने वाले पुलिस की गिरफ्त से बाहर

### विश्वकर्मा समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

#### 7 दिन बाद भी चोरों का सुराग नहीं लगा पाई पुलिस।

**पन्ना।** शहर में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं शहर के सीसीटीवी कैमरे सुप्त अवस्था में पड़े हुए हैं, चोरों की हौसले लगातार बुलंद हो रहे हैं, पन्ना शहर में आए दिन चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही हैं। पन्ना शहर में स्थित खेजड़ा मंदिर के ऊपर पिछले पांच अगस्त की रात को अज्ञात चोरों द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा जी मंदिर एवं राम जानकी मंदिर दोनों मंदिरों के एक साथ ताले तोड़कर भगवान विश्वकर्मा जी के कीमती अस्त्र-शास्त्र अज्ञात चोर धड़ल्ले से दोनों मंदिरों का ताला तोड़कर फरार हो गए। दिनांक 5 अगस्त आज से 7 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली नजर आ रहे हैं। चोरों का सुराग अभी तक नहीं लग पा रहा है जिस कारण समाज के लोगों में आक्रोश



व्याप्त है आज समाज के लोगों ने एकत्र हो पुलिस अधीक्षक को भगवान श्री विश्वकर्मा जी मंदिर एवं राम



जानकी मंदिर में चोरी के संबंध में ज्ञापन सोपा। विश्वकर्मा समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की गई कि जो भगवान विश्वकर्मा जी के अमूल्य और कीमती अस्त्र-शास्त्र जिसमें भगवान विश्वकर्मा जी के हाथों में लिए हुए कलश, कटोरा, हथोड़ा, ज्वाला खप्पर, त्रिशूल, भाला, चिमटा एवं ढाल सभी ठोस धातु के बने हुए और मंदिर में रखा हुआ पीतल का घंटा झालर इत्यादि सामान चोरी कर लिया गया था, उक्त सामान की चोरी करने वाले चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए, और भगवान के अस्त्र-शस्त्र वापस किए जाएं। अगर जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और भगवान के सामान की बरामद की नहीं होती तो समाज को एकत्र हो आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से मुकेश कुमार विश्वकर्मा अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा सेवा संस्थान, गोविंद विश्वकर्मा सचिव विश्वकर्मा सेवा संस्थान, लाल जी विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष, मनीष विश्वकर्मा धीरज विश्वकर्मा| सोहन विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा ,ओम प्रकाश विश्वकर्मा मनीष विश्वकर्मा (सेल टैक्स), विजय विश्वकर्मा, नरेंद्र विश्वकर्मा इत्यादि लोग सम्मिलित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियानः शेष दिवसों में गतिविधियां बढ़ाएं - कलेक्टर

### लक्ष्य मुताबिक रोजगारमूलक प्रकरण सबमिट करने के निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टेट सभाकक्ष में संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को शासन के महत्वाकांक्षी अभियान एवं कार्यक्रम में तय समयावधि में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कलेक्टर ने टीएल बैठक में विभागवार विभिन्न विषयों की समीक्षा कर अधिकारियों को समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान 15 अगस्त तक तीन चरणों में संचालित होने वाले हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छतारू स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के संबंध में विभागवार निर्धारित कार्ययोजनानुसार शेष दिवसों में गतिविधियां बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही देश भक्ति, एकता एवं राष्ट्रहित की भावना पर निहित हर घर तिरंगा अभियान की प्रतिदिन की गतिविधियों को पोर्टल पर अपलोड करने तथा जनप्रतिनिधियों के साथ स्थानीय स्तर पर जनसहभागिता से कार्यक्रम आयोजित करने तथा तिरंगा सेल्फी अपलोड करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख अपने स्तर पर गतिविधियां आयोजित कर नोडल विभाग जिला पंचायत को आयोजित हुए कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दें। सभी नगरीय निकाय सेल्फी बूथ के प्रदर्शन एवं तिरंगा प्रदर्शनी के साथ ही वार्ड पार्षद के नेतृत्व में स्वच्छता एवं तिरंगा अभियान का कार्यक्रम आयोजित करें। हर वार्ड में तिरंगा यात्रा एवं साईकिल रैली के आयोजन के साथ जल स्त्रोंतो के निकट सफाई अभियान भी संचालित किया जाए। इस अभियान में कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग सहित जनअभियान परिषद, आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, उच्च शिक्षा विभाग व खाद्य विभाग द्वारा भी निर्धारित गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर ने सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकान के




जरिए भी अपेक्षित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राशन दुकान के माध्यम से सुचारू रूप से झंडा वितरण के साथ जिंगल के माध्यम से राष्ट्रभक्ति का संदेश भी प्रसारित किया जाए। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक निर्धारित गतिविधियों का आयोजन किया जाए। जन्माष्टमी पर्व पर भी 16 अगस्त को मंदिरों में हर घर तिरंगा अभियान की गतिविधियां परिलक्षित हों। कलेक्टर ने टीएल बैठक में आगामी 25 अगस्त को प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के दृष्टिगत चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों का तीन दिवस में शत प्रतिशत निराकरण करने तथा अधीनस्थ कर्मचारियों को भी इसके लिए पाबंद करने के निर्देश दिए। साथ ही वर्तमान अगस्त माह में प्राप्त सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के नियमित रूप से निराकरण तथा 50 दिवस से अधिक समय की शिकायतों के निराकरण के लिए भी सही व सटीक प्रतिवेदन दर्ज कर संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि आगामी माह से विभागवार 80 वेटेज स्कोर अर्थात ए श्रेणी से कम की रैंक स्वीकार्य नहीं होगी। इसके लिए क्रमशः प्रयास निरंतर रूप से जारी रखें। इस दौरान लोक निर्माण विभाग की लंबित शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर संबंधित अधीनस्थ कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने समस्त जनपद पंचायत सीईओ को खुले बोरवेल की वर्तमान स्थिति का रिव्यू कर केवल कैप लगाकर बंद करने के स्थान पर उचित तरीके से बंद करवाने के निर्देश दिए। इसमें लापरवाही पर संबंधित लोकसेवक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को प्रथम चरण पर अटेंड न करने पर तीन लोकसेवकों क्रमशः ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अरूणपाल बागरी, पशु चिकित्सक डॉ. गणेश एवं जनपद पंचायत सीईओ शाहनगर भगवान सिंह के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भवन) राकेश सिंह साल्वे के विरूद्ध भी कार्यवाही के निर्देश दिए। अधिकारियों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम की सेवाओं का समय सीमा में लाभ प्रदान करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

## कलेक्टर ने नर्सिंग ऑफीसर सुनीता सनौडिया को बच्चा वार्ड के प्रभार से हटाया, असंचयी प्रभाव से तीन वेतन वृद्धि भी रोकी

#### प्रियंका सिंह महदेले एवं शिवानी केवट की भी रूकेगी एक-एक वेतनवृद्धि

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गत 16 जुलाई को जिला चिकित्सालय पन्ना के बच्चा वार्ड में भर्ती बच्चे जिशान बेग के उपचार में लापरवाही बरतने पर लापरवाह नर्सिंग ऑफीसर के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की है, जिसके तहत वृहद स्तर पर नर्सिंग आफीसर सुनीता सनौडिया की लापरवाही पाए जाने पर इनको बच्चा वार्ड के प्रभार से पृथक करने के साथ ही आगामी तीन वेतनवृद्धि भी असंचयी प्रभाव से रोकी गई है, जबकि इस प्रकरण में लापरवाही पर नर्सिंग ऑफीसर प्रियंका सिंह महदेले और शिवानी केवट की भी एक-एक वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही की गई है। जिला कलेक्टर ने समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से यह मामला संज्ञान में आने पर संबंधित के विरूद्ध जांच कर



अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए थे। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा इस मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया था। जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में उल्लेख है कि बच्चा वार्ड प्रभारी सुनीता सनौडिया द्वारा वार्ड में स्थापित स्टोर में समय-समय पर उपलब्ध दवाईयों का अवलोकन नहीं किया जाता। 16 जुलाई को भी स्टोर से भर्ती बच्चे को दवाईयां निकालते समय समाप्ति तिथि का अवलोकन नहीं किया गया। इससे नर्सिंग ऑफीसर को प्राथमिक जांच के दौरान ही प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। इसके अतिरिक्त 23 जुलाई को कारण बताओ नोटिस जारी कर नर्सिंग ऑफीसर से जवाब चाहा गया, लेकिन समाधानकारक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया और प्रतिवाद उत्तर व जांच समिति द्वारा पूछे गए प्रश्न में भी भिन्नता पाई गई, जबकि नर्सिंग ऑफीसर का दायित्व था कि बच्चा वार्ड में भर्ती बच्चों को उपचारित करने के लिए दवाईयों और बोतलों का स्वयं अवलोकन कर प्रदान किया जाना था। जिला कलेक्टर द्वारा उक्त लापरवाही के दृष्टिगत संबंधित के विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10(5) के तहत क्रमशः 01.07.2026, 01.07.2027 एवं 01.07.2028 की तीन वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के दण्ड से दण्डित किया गया है। इसी क्रम में दायित्वों के निर्वहन में असफल रहने पर नर्सिंग ऑफीसर प्रियंका सिंह महदेले तथा शिवानी केवट की 01.07.2026 की वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्यवाही भी की गई है।

## जिला जेल पन्ना का किया निरीक्षण

**पन्ना।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में आज व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ द्वारा जिला जेल पन्ना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस मौके पर बंदियों के मध्य विधिक साक्षरता शिविर भी लगाया गया। प्राधिकरण के सचिव ने निरीक्षण सह शिविर के दौरान उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के परिपालन में जिला जेल द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी ली तथा जेल प्रबंधन को बंदियों के जमानत आदेश प्राप्त होने के सात दिवस में बंदी की रिहाई नहीं होने पर अविलंब प्राधिकरण कार्यालय में सूचित करने की सलाह दी गई। बंदियों को जेल में अनुशासन बनाए रखने और स्वयं के व्यवहार में आवश्यक सुधार के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता पर जेल प्रशासन के माध्यम से अपना आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित करने की सलाह दी गई। बंदियों को राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान के तहत इससे होने वाले लाभ के बारे में भी बताया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन ने उपस्थित बंदियों को विधिक प्रावधानों, अधिकारों व कर्त्तव्यों तथा मध्यस्थता की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान कर जेल लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य मामलों में समझौता व सुलह प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया। प्रभारी जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा ने बंदियों को शिविर में प्राप्त जानकारी अमल में लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में मनाया गया 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, उत्सव



**पन्ना।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल एवं कार्यालय कलेक्टर जिला पन्ना के आदेशानुसार ष्हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छतारू स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संगष अभियान के तहत छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में आज दिनांक 11 अगस्त 2025 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी की उपस्थिति में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने विज्ञान भवन में स्वच्छता अभियान चलाया। विज्ञान भवन के मुख्य गेट के सामने से मुख्य भवन तक तथा विज्ञान संकाय परिसर स्थित छात्रावास के सामने खरपतवार, अनावश्यक वनस्पतियां, कांटेदार वनस्पतियां एवं गाजरघास का उन्मूलन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया तथां तिरंगा झंडा सेल्फी के साथ हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता की वेबसाइट पर फोटो अपलोड करने के लिए निर्देशित किया। इस पूरे अभियान में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ पी.पी. मिश्रा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आर एम दत्ता एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ डीपी कुशवाहा, रासेयो जिला संगठक डॉ मनोज कुमार शुक्ला, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ पीयूषा शर्मा, डॉ रचना गुप्ता, डॉ अरविंद निषाद, क्रीडा अधिकारी श्री धर्मेन्द्रर यादव, एवं जय चौरसिया उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने शासकीय सेवकों को मिलने वाले स्वत्वों का भुगतान समय-सीमा में करने के दिए निर्देश

**पन्ना।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने संभाग के समस्त कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं सभी आहरण-संवितरण अधिकारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निर्देशित करते हुए कहा है कि विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों के स्वत्वों का भुगतान समय-सीमा में करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रतिमाह समय पर वेतन भुगतान के साथ-साथ उनके लंबित वेतन भत्तों, वेतनवृद्धियां, वेतन निर्धारण, सेवा सत्यापन, सेवा पुस्तिका एवं जीपीएफ व डीपीएफ पासबुक की द्वितीय प्रति प्रदाय करना, चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयकों, अर्जित अवकाश नकदीकरण, समूह बीमा योजना, ग्रेच्युटी, जीपीएफ, डीपीएफ, एनपीएस का अंतिम भुगतान, लंबित पेंशन प्रकरण की जानकारी, लंबितीकरण के निराकरण हेतु समुचित कार्यवाही कर कार्यवाही का प्रतिवेदन कार्यालय में पाक्षिक रूप से भिजवाएं। कमिश्नर ने कहा कि संभाग अंतर्गत विभिन्न विभागों में लगभग 400 से अधिक आहरण एवं संवितरण अधिकारी कार्यालय संचालित हैं, किन्तु समीक्षा करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया है कि कुछ कार्यालयों के द्वारा अपूर्ण एवं अस्पष्ट जानकारी अंकित की गई है। साथ ही समय-समय पर संभाग में पदस्थ अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा उक्त विषय के संबंध में शिकायत व आवेदन पत्र भी समक्ष में प्रस्तुत किये जा रहे हैं, जो अत्यंत खेदजनक है। कमिश्नर ने कहा कि संभाग अंतर्गत विभागों के अधीन कार्यरत एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्वत्वों के भुगतान शासन के नियमानुसार समय सीमा में नहीं होने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी।

## निगम आयोग मण्डल पुर्नगठन के दौरान उत्साही राजनेता फुन्दर चौधरी को अध्यक्ष नियुक्ति आदेश हेतु शासन को एक सूत्रीय ज्ञापन -डॉ. एम.पी. पाण्डेय

**अमानगंज।** बीते लम्बे समय से प्रस्तावित निगम आयोग मण्डल पुर्नगठन की प्रतिक्षा में एक सैकडा से अधिक भाजपा उत्कृष्ठ राजनेता प्रतिक्षा सूची में खड़े नजर आ रहे है, परन्तु आज की स्थिति में डॉ. मोहन यादव सहित उच्च राजनेतागण इस मामले में चुप्पी साधे दिख रहे है, जिसका लम्बा खामियाजा ढाई वर्ष के बाद अपने आप समझा में आ जायेगा, उक्त आशय से संबंधित डॉ. मोहन यादव के नाम संबोधित एक सूत्रीय ज्ञापन में मध्यप्रदेश राजपत्र अधिकारी संघ पन्ना के जिला प्रवक्ता डॉ. एम.पी. पाण्डेय ने लिखा है कि किसान वर्ग, एवं शासकीय कर्मचारियों के परम हितैशी उत्साही राजनेता फुन्दर चौधरी को शासन की बिगड़ी व्यवस्था सुधार करने हेतु मध्यप्रदेश वित्त विकास निगम / मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग अथवा 60-70 अध्यक्ष पद जो लम्बे समय से रिक्त पड़े हुए है. इन रिक्त पदो की पूर्ति प्रकिया में फुन्दर चौधरी को स्थान दिया जाना आम जनता की पुकार है। इस संबंध में डॉ. पाण्डेय के कथन अनुसार ज्वाला देवी प्रांगण में बताया गया कि पन्ना जिले की बहुआयामी तरक्की प्रगति एवं सुख समृद्धि से संबंधित हजारों की तादात में जनता जनार्दन द्वारा भेजे गये विनय पत्रों की सूची बल्लव भवन सचिवालय को पांचवी मंजिल मुख्यमंत्री कार्यालय के आस पास तमाम दस्तावेज टेबिल टेबिल पर धूल से सने हुए दिखाई दे रहे है, समस्याओं का निराकरण तभी संभव है, जब पन्ना जिले से राजनेता फुन्दर चौधरी को बल्लभ भवन सचिवालय में बैठने का मौका दिया जायें, आम जनता के कथन अनुसार, ऐसी चर्चाएँ चहू ओर सुनाई दे रही है।

# स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में फल फूल रहे झोलाछाप डॉक्टर

### चंद पैसों के लालच में नहीं होती कोई कार्यवाही

**अमानगंज**-नगर अमानगंज में इन दिनों झोलाछाप डॉक्टरों की पांचो उंगलियां घी में ऐसी चर्चा नगर में गली चौराहा में सुनाई दे रही है। एक तरफ शासन प्रशासन आम जनता के जीवन में कैसे सुधार लाया जाए इसके लिए रात दिन कार्य करने में लगी है, परंतु पन्ना जिला सहित अमानगंज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इसके विपरीत कार्य किया जा रहा है। नगर सहित समूचे क्षेत्र में इन दिनों झोलाछाप अपनी दुकान बगैर लाइसेंस और किसी डिग्री के धड़ल्ले से चला रहे हैं और मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसा ही मामला नगर अमानगंज के नदी पास स्थित एक झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक का है जहां बोर्ड पर आयुर्वेदिक औषधि केंद्र लिखा हुआ है, परंतु यहां सभी प्रकार की एलोपैथिक दवाओं के माध्यम से सभी बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। नगर में झोलाछाप डॉक्टरों की इतनी फौज खड़ी है,कि हर गली चौराहे पर एक झोलाछाप डॉक्टर आपको मिल



जाएगा जिनके इलाज से अनेकों लोग काल कल्पित भी हो चुके हैं, परंतु पन्ना जिले में भ्रष्टाचारियों की फौज इतनी मजबूत है, कि उनके आगे सभी लोग नजमस्तक हैं। पूरे मध्यप्रदेश में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ एक विशेष अभियान भी चलाया गया, परंतु नगर अमानगंज में इनके खिलाफ कार्यवाही करने से क्यों परहेज किया गया। इससे साफ जाहिर होता है, कि स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की छत्रछाया इन झोलाछाप डॉक्टरों पर पूरी तरह बनी हुई है, जिसके एवज में मोटी रकम इनसे मासिक रूप से ली जाती है। आम जनमानस का कहना है कि कुछ डॉक्टरों द्वारा होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक जैसी डिग्री लेकर एलोपैथिक पद्धति से इलाज करना इनकी मनमानी साफ देखी जा रही। जिले के स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को उनके अवैध प्राइवेट क्लिनिको की सघन जांच अवश्य करनी चाहिए और तुरंत उनको बंद करना चाहिए जिससे आम जनमानस इनकी ठगी का शिकार ना हो सके और उसकी जान से खिलवाड़ ना हो।



## लव-कुश जयंती महोत्सव को लेकर निकली भव्य दिव्य शोभायात्रा, कुशवाहा समाज रहा आयोजक

**बकस्वाहा।** सोमवार का दिन बकस्वाहा नगर के लिए ऐतिहासिक बन गया, जब कुशवाहा समाज संगठन द्वारा भगवान लव-कुश जयंती एवं सम्राट अशोक वर्षोत्सव का आयोजन भव्यता और अनुशासन की मिसाल बनकर सामने आया। दिन की शुरुआत ही उत्साह से भरपूर रही, जब कुशवाहा समाज के युवाओं ने सुबह से मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया, जो नगर की सड़कों पर एकता और जोश का प्रतीक बनकर निकली। जगह-जगह युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था, जिसने आगामी शोभायात्रा के माहौल को और ऊर्जावान बना दिया। मठ धाम से दोपहर 1 बजे विधिवत पूजन के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें न केवल कुशवाहा समाज बल्कि नगर के विभिन्न समाजों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की नगर के मुख्यमार्गों से होते हुए बस स्टैंड पर उनका भव्य स्वागत हुआ जिसके बाद नगर भ्रमण के बाद मठ धाम पर समापन हुआ। विशेष बात यह रही कि इस आयोजन में दोनों राष्ट्रीय पार्टियों के नेता भी इस आयोजन में शामिल।हुए कांग्रेस से क्षेत्रीय विधायक राम सिया भारती अपने समर्थकों के साथ शामिल हुईं, वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक प्रदुम्न सिंह लोधी भी अपने समर्थकों सहित शोभायात्रा में शामिल हुए । इन दोनों नेताओं की एक साथ मौजूदगी ने कार्यक्रम में सामाजिक एकता और सौहार्द का अनोखा संदेश दिया। कार्यक्रम की सफलता के लिए युवाओं ने पंद्रह दिन पूर्व से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। नगर के वरिष्ठजन, महिलाओं और युवाओं ने घर-घर जाकर आमंत्रण दिया। आयोजकों ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में या उपद्रव करता पाया गया तो 10,000 का जुर्माना और सामाजिक दंड दोनों दिया जाएगा। इस अनुशासन ने आयोजन को अनुकरणीय बना दिया। मठ धाम से निकली शोभायात्रा खेरमाता, बेर के चांदे, बिल्थरयाने मोहल्ला, इतवारा बाजार, राम मंदिर, पटवन मोहल्ला, पुराना बस स्टैंड, बुधवार बाजार, हरिजन मोहल्ला होते हुए पुनः मठ धाम पर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा और स्वागत द्वारों ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। शोभायात्रा में चार डीजे की गूंज, दो सजी-धजी बग्गियां, शहनाई की मधुर ध्वनि, भगवान लव-कुश और सम्राट अशोक की भव्य झांकियां, सांस्कृतिक झलकियां, पटेल समाज के बच्चों, युवक-युवतियों, वरिष्ठ नागरिकों, माताओं और बहनों की गरिमामयी भागीदारी रही। राजा राम व्यायामशाला के पहलवानों ने करतब दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में श्री लक्ष्मण कुटी, दमोह से पधारे महंत श्री राघवेन्द्र गिरी जी महाराज ने मठ धाम पहुंचकर मंगल आशीर्वाद दिया। इस दौरान नगर के अन्य संत और गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। आयोजन केवल धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक सुधार की दिशा में भी एक मजबूत कदम बना। कुशवाहा समाज ने नशामुक्त समाज का संकल्प लिया और इसे आने वाले आयोजनों में भी लागू करने की घोषणा की। यह संदेश नगर के युवाओं में गहरी छाप छोड़ गया। शोभायात्रा के समापन के बाद मठ धाम में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी वर्गों के नागरिकों ने भाग लिया। आयोजकों ने नगरवासियों और स्वजातीय बंधुओं का आभार व्यक्त किया जिन्होंने पूरे परिवार सहित उपस्थित होकर आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।

# गुंडों, वारंटियों, अवैध शराब व हथियार रखने वालों के खिलाफ हुई कार्रवाई

## कॉम्बिंग गश्त में पुलिस का बड़ा एक्शन, 182 से अधिक आरोपी पकड़े

**छतरपुर।** जिले में सोमवार की रात पुलिस द्वारा सभी थानों की संयुक्त टीम के साथ शहर और ग्रामीण इलाकों में जोरदार कांबिंग गश्त की गई। इस दौरान भारी पुलिस बल की मौजूदगी में सार्वजनिक स्थलों, धर्मस्थलों, बस स्टैंड, चौराहों, होटल, ढाबा और धर्मशालाओं सहित विभिन्न स्थानों पर गहन चेकिंग की गई। अभियान में 65 हजार रुपये से अधिक के इनामी 37 स्थायी वारंटी, 67 गिरफ्तार वारंटी, 3 आरोपी अवैध हथियार सहित, 7 जुआ खेल रहे आरोपी, 8 अन्य अपराधी और अवैध शराब के 60 केसों में आरोपी सहित कुल 182 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 508 से अधिक निगरानी बदमाश, गुंडा, आदतन अपराधी व जेल से हाल ही में छूटे अपराधियों की जानकारी जुटाई गई।



पुलिस द्वारा चलाए जा रहे न्याय पथ अभियान के अन्तर्गत थाना कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग मामलों के 27 हजार रुपये के इनामी 8 वारंटी, सिविल लाइन क्षेत्र के 10 हजार के इनामी 7, नौगांव क्षेत्र में 2 हजार के 4, सटई में 11 हजार के 3, लवकुश नगर में 7 हजार के 3, बिजावर में 4 हजार के इनामी वारंटी सहित पूरे जिले में कुल मिलाकर 65 हजार रुपए के 37 इनामी स्थायी वारंटी गिरफ्तार किए गए। इसी प्रकार थाना कोतवाली द्वारा 10, ओरछा रोड से 7, सिविल लाइन और नौगांव क्षेत्र से 6-6, बमनौरा से 5, गढ़ी मलहरा भगवा से 4-4 समेत कुल 67 वारंटी व 8 वांछित अपराधी पकड़े गए। अवैध शराब के 60 मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई, तो वहीं अलीपुरा, गढ़ी मलहरा और महाराजपुर में एक-एक आरोपी अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया। अलीपुरा थाना क्षेत्र में दो जुआ फड़ से नकद राशि के साथ सात आरोपी भी हत्थे चढ़े। पूरे अभियान में 265 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। इसके अतिरिक्त 334 समन, 198 जमानती वारंट और 396 मामलों में 460 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी पुलिस द्वारा की गई। वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। इस पूरी कार्रवाई को सफल बनाने में जिले के सभी थाना क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी और समन्वय देखने को मिला।

## बस कंडक्टर पर अज्ञात बदमाशों ने किया हमला, हालत गंभीर

### नौगांव बस स्टैंड पर हुई वारदात, घायल कंडक्टर जिला अस्पताल में भर्ती



छतरपुर।

जिले के नौगांव शहर में एक बस कंडक्टर पर सोमवार की सुबह अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कंडक्टर को प्राथमिक उपचार के लिए नौगांव अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर छतरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। फिलहाल छतरपुर में उनका इलाज जारी है। वहां पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरु कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक टीकमगढ़ जिले के आलमपुरा गांव के रहने वाले 50 वर्षीय देवेंद्र यादव, नौगांव से हरपालपुर जाने वाली बस में कंडक्टर हैं। सोमवार की सुबह करीब 9 बजे वे नौगांव बस स्टैंड पर थे, इसी दौरान कुछ अज्ञात बदमाशों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। वहीं मौका पाकर आरोपी भाग निकले। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में देवेंद्र को नौगांव अस्पताल ले पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नौगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मोटर साइकिलों की भिड़ंत में एक की मौत



**छतरपुर।** जिले के लवकुशनगर क्षेत्र में संजयनगर से टहनगा जा रहे एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। दो मोटरसाइकिलों की टक्कर से हुए हादसे के बाद घायल को अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन चिकित्सकों की कोशिश के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम टहनगा निवासी प्रीतम पुत्र दलुआ कुशवाहा उम्र लगभग 40 वर्ष बीती शाम संजयनगर से टहनगा किराने का सामान लेकर लौट रहे थे। इसी बीच सामने से आ रही मोटरसाइकिलें से उनकी टक्कर हो गई और प्रीतम कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद एंबुलेंस बुलाकर उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सोमवार को जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। वहां घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरु कर दी है।

## स्टांप ड्यूटी में 3 सौ से पांच सौ फ़ीसदी की बढ़ोतरी, होने लगा विरोध

### स्टांप संशोधन विधेयक में पुनर्विचार के लिए सीएम को भेजा पत्र

छतरपुर।

प्रदेश सरकार ने स्टांप ड्यूटी संशोधन विधेयक को पास कर दिया है। इस विधेयक के लागू होने से शपथ पत्र जैसे बुनियादी कार्य में करीब 300 फ़ीसदी की बढ़ोतरी की गई है। कुछ कार्यों में स्टांप ड्यूटी 500 फ़ीसदी बढ़ा दी गई है। इस संशोधन विधेयक का सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर पड़ेगा, इसलिए इसका विरोध किया जा रहा है। मानसिक विक्षिप्तों के सेवक डॉ संजय कुमार शर्मा ने विधेयक में संशोधन करने की मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा है।

जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में डॉ. शर्मा ने उल्लेख किया है कि शपथ पत्र किसी भी कार्य में आवश्यक किया गया है। जहां पूर्व में 50 रुपये में शपथ पत्र बनता था वहां अब 200 रुपये खर्च करने होंगे। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि जो शपथ पत्र महज 200 में तैयार होता था वह अब 500 में तैयार होगा। स्टांप ड्यूटी बढ़ाई जाने से गरीब एवं जरूरतमंद पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा शासकीय एवं अर्ध शासकीय कार्यों में शपथ पत्र लगाया जाता है। अचल संपत्ति के लिए स्टांप ड्यूटी 1 हजार रुपये थी जो अब बढ़कर 5 हजार रुपये कर दी गई है। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति के रूप में सम्मानित किए गए डॉ. संजय कुमार शर्मा ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर आग्रह किया है कि स्टांप ड्यूटी संशोधन विधेयक में ऐसे संशोधन किए जाएं ताकि गरीबों के हित प्रभावित न हो।

## अवैध हथियारों पर पुलिस की सख्ती, एक संदिग्ध गिरफ्तार



**छतरपुर।** पुलिस अवैध हथियारों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है, जिसमें हथियार जब्त करने के साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। हथियारों के स्रोत की जानकारी जुटाकर संलिप्त अपराधियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। पिछले दिनों जिले में 385 से अधिक आरोपी अवैध हथियारों के साथ पकड़े गए हैं, जिसमें अवैध हथियार बनाने वाली निर्माण इकाइयों पर भी छापेमारी की गई। वहीं दूसरी ओर अलीपुरा थाना पुलिस को पिछली रात सघन गश्त के दौरान ग्राम बड़ागांव की सड़क पर अवैध हथियार लेकर घूम रहे संदिग्ध की सूचना मिली, जिस पर टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध को दबोच लिया, जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहा था। तलाशी में उसके पास से अवैध देशी 12 बोर का कट्टा और कारतूस बरामद हुआ। आरोपी सत्येंद्र यादव, पिता अमर सिंह यादव, निवासी ग्राम जोरन, थाना अलीपुरा को गिरफ्तार कर आयुध अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया है। विधिवत कार्रवाई के बाद विवेचना जारी है, और अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान निरंतर चल रहा है।

## चार दिन में पकड़ा गया ट्रैक्टर चोर, वाहन बरामद



**छतरपुर।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुर में एक किसान के खेत से चोरी हुआ ट्रैक्टर व कल्टीवेटर पुलिस ने महज चार दिन के अंदर बरामद कर लिया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने इलाके में गश्त और संदेहियों की जानकारी जुटाई, जिसके चलते आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार, ग्राम पृथ्वीपुर निवासी सुवेन्द्र पटेल की रिपोर्ट पर गढ़ी मलहरा थाना में ट्रैक्टर चोरी का प्रकरण कायम किया गया था। मामले की जांच में एसडीओपी नौगांव अमित मेश्राम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह, उप निरीक्षक किशन लाल, प्रधान आरक्षक जनक सिंह, प्रधान आरक्षक बृजेश यादव, आरक्षक दशरथ एवं पूरी पुलिस टीम ने मिलकर क्षेत्र के पन्ना रोड, महोबा रोड, छतरपुर रोड आदि स्थानों पर सघन सर्चिंग की। उसी दौरान विभिन्न मार्गों पर गुजरने वाले वाहनों की तलाश और संदिग्धों की जानकारी ली गई, जिसके आधार पर ऊजरा गांव निवासी राम सिंह यादव को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से पावर ट्रैक कंपनी का चोरी गया ट्रैक्टर और कल्टीवेटर, जिसकी कीमत लगभग ढाई लाख रुपये है, बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, वहीं पुलिस अन्य संलिप्त आरोपियों की तलाश और जांच में जुटी है।

## घूरा स्कूल में बाउंड्रीवाल का हुआ भूमिपूजन

### विद्यार्थियों को बांटी गई साइकिल और पुरस्कार



राजनगर

क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घूरा में शिक्षा और सुरक्षा के दृष्टिगत सोमवार को बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई और शिक्षा संबंधी अन्य सुविधाओं का भी आश्वासन दिया गया। विद्यालय परिवार के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों एवं बच्चों में इस पहल को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

मौके पर राजनगर विधायक अरविन्द पटैरिया ने भूमि पूजन करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों की निरंतर बढ़ती संख्या को देखते हुए भविष्य में छत पर भी पठन-पाठन के लिए अतिरिक्त कक्षों का निर्माण 25 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए पर्याप्त जगह मिल सके। इस दौरान उन्होंने अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों को अपनी ओर से 10-10 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में देने की घोषणा की। विधायक श्री पटैरिया ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और शिक्षा के मार्ग को सुगम बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस अवसर पर घूरा के सरपंच सुनील शिवहरे, भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र अवस्थी, बमीठा के सरपंच सनत मंजू जैन, जिला पंचायत सदस्य पप्पू पाल, टिकरी ब्रिज गोपाल अवस्थी, छोटू महाराज सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक और स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अंतर्गत खजुराहो नगर परिषद् खजुराहो में हुआ आयोजन



**छतरपुर।** कलेक्टर जिला छतरपुर के निर्देशन में विगत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी हर घर तिरंगा अभियान जिले के समस्त नगरीय निकायो में संचालित किया जा रहा हैं जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने राष्ट्र के प्रति भावनाओ को जगृत एवं सम्मान के उद्देश्य से किया जा रहा हैं। इस वर्ष हर घर तिरंगा अभियान के साथ-साथ केन्द्र शासन द्वारा हर घर स्वच्छता का विषेष अभियान भी संकलित किया गया हैं जिसमे स्वच्छ घर ही राष्ट्र को सम्मान दिलाता हैं इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु स्वभाव स्वच्छता अन्तर्गत उक्त थीम को लिया गया हैं। इसी अनुक्रम में नगर परिषद खजुराहो के द्वारा सांसद बी.डी. शर्मा स्थानीय विधायक अरविन्द पटैरिया के मार्गदर्शन में मुख्य नगरपालिका अधिकारी बसंत चतुर्वेदी एवं अध्यक्ष अरूण अवस्थी के निर्देशन में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान का संचालन निकाय क्षेत्र में किया जा रहा हैं।

अध्यक्ष नगर परिषद खजुराहो एवं मुख्य नगर पालिका अधिकरी के द्वारा उक्त विषय में बताया गया कि 15 अगस्त के पूर्व खजुराहो क्षेत्र में विभिन्न वार्डो में हर घर तिरंगा एवं हर घर स्वच्छता अभियान का संचालन किया जायेगा साथ ही छात्रो, एनजीओ, स्व सहायता समूह एवं विभिन्न कार्योलयो के साथ मिलकर निकाय के लोगो को जागरूक करने हेतु विशाल रैली का आयोजन किया जायेगा।

### आलमपुरा गाँव में जलभराव और गंदगी से ग्रामीण परेशान

## सीसी सड़क पर मुरम-पत्थर डालकर रोकी पानी की निकासी, नाली भी बंद की

शिकायतों-नोटिस के बावजूद समस्या जस की तस, ग्रामीणों का जीवन दूभर

टीकमगढ़।

जिले की पलेरा जनपद की ग्राम पंचायत आलमपुरा में एक स्थान स्थान पर गंदगी और जलभराव की गंभीर समस्या सामने आई है। ग्रामीणों ने बताया कि अहिरवार मोहल्ले में रामाधीन और राकेश दोनों पुत्र रामदयाल अहिरवार ने पंचायत द्वारा बनाई गई सीसी सड़क पर मुरम और पत्थर डाल दिए हैं, और नाली भी बंद कर दी है जिस कारण से पानी की निकासी पूरी तरह से बंद हो गई है और गंदा पानी सड़कों पर फैलने लगा है, जिससे गंदगी का माहौल बन गया है।



आलमपुरा के ग्रामीणों ने बताया कि मोहल्ले की गलियों में गंदा पानी जमा हो गया है, जिसके चलते लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा, इसी गंदे पानी से उठती दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप लोगों का जीवन और कठिन बना रहा है। कई ग्रामीणों को बीमारियां भी घेर रही हैं। स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं और उनका कहना है कि यदि जल्दी ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो गांव में बीमारियों का खतरा और बढ़ जाएगा। इस मामले में जब गांव की सरपंच श्रीमती प्रभा यादव के प्रतिनि?धि राजेन्द्र यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत ने इस मामले को सुलझाने के लिए कई प्रयास किए। पंचायत द्वारा बार-बार संबंधित लोगों को समझाया गया, लेकिन वे नाली खोलने और अवरोध हटाने के लिए तैयार नहीं है। पंचायत ने 29 मई 2025 को तहसीलदार पलेरा और थाना प्रभारी को आवेदन दिया था। इसके बाद भी जब समस्या हल नहीं हुई तो 17 जुलाई 2025 को उपरोक्त व्यक्तियों को पंचायत की ओर से नोटिस जारी किए गए। 25 जुलाई 2025 को इस गंभीर समस्या को लेकर जिला कलेक्टर टीकमगढ़ को भी आवेदन दिया गया। जनपद पंचायत पलेरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने गत 1 अगस्त 2025 को तहसीलदार और थाना प्रभारी को पत्र लिखकर इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करने के लिए कहा है, हालांकि अभी तक कोई कार्रवाई हुई नहीं है। गंदे पानी की निकासी अभी भी पूरी तरह बंद है, और रोजमर्रा की जिंदगी बद से बदतर होती जा रही है। ग्रामीण प्रशासन से लगातार गुहार लगा रहे हैं कि जल्द से जल्द सड़क पर डाली मुरम और पत्थर तथा नाली के अतिक्रमण को हटवाकर पानी की निकासी व्यवस्था बहाल कराई जाए ताकि गांव के लोग फिर से स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण में रह सकें।

## स्वतंत्रता दिवस के दिन लाल किले पर बमीठा सरपंच को मिलेगा सम्मान

पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए मिलेगा प्रधानमंत्री का पुरस्कार

छतरपुर

जिले की राजनगर जनपद पंचायत की बमीठा ग्राम पंचायत के सरपंच सनत मंजू जैन को पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव और पौधारोपण में शानदार काम के लिए देश के सर्वोच्च मंच पर सम्मानित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले पर होने वाले राष्ट्रीय समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके योगदान को सम्मान देंगे, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है।15 अगस्त को नई दिल्ली के लाल किले पर आयोजित राष्ट्रीय समारोह में बमीठा पंचायत के सरपंच सनत जैन को सम्मानित किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव और पौधारोपण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए देशभर की 100 चुनिंदा पंचायतों में बमीठा को शामिल किया गया है। सनत जैन की अगुवाई में पंचायत ने जल संरक्षण के लिए तालाबों का निर्माण, वर्षा जल संचय और बड़े पैमाने पर पौधारोपण जैसे कार्य किए, जिसने न केवल बमीठा बल्कि पूरे राजनगर विधानसभा क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। सनत जैन की दिल्ली यात्रा की सारी व्यवस्थाएं पूरी हो चुकी हैं। वह 13 अगस्त को खजुराहो से ग्वालियर जाएंगे और उसी दिन हवाई जहाज से दिल्ली पहुंचेंगे। सनत जैन ने कहा, यह सम्मान मेरे लिए नहीं, बल्कि बमीठा के हर उस व्यक्ति का है, जिसने पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए मेरे साथ कदम मिलाया। यह हमारी पंचायत की एकता और मेहनत का परिणाम है। यह सम्मान बमीठा के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है और क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है।

## खबर संक्षेप

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत केन्द्रीय जेल परिवार द्वारा किया गया तिरंगा बाईक रैली का आयोजन

**रीवा**। हर घर तिरंगा अभियान के तहत केन्द्रीय जेल परिवार द्वारा तिरंगा बाईक रैली का आयोजन किया गया। जेल अधीक्षक एस.के. उपाध्याय के मार्गदर्शन में तिरंगा बाईक रैली जेल गेट से प्रारंभ होकर अधिकारी आवासीय परिसर, एस.ए.एफ. चौक होते हुये पी.टी.एस. चौक, अनाथालय, बी.एन.पी. स्कूल से होकर जेल के मुख्य गेट पर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा के आयोजन में संजीव कुमार गेंदले उप जेल अधीक्षक, योगेन्द्र पमार उप जेल अधीक्षक, श्याम सिंह कुशवाह सहायक जेल अधीक्षक, शशांक कुमार सिंह सहायक जेल अधीक्षक, श्रीमती पूजा मिश्रा सहायक जेल अधीक्षक सहित जेल में पदस्थ समस्त स्टाफ की सहभागिता रही।

### बंसल बस्ती में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प

**रीवा**। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रानी तालाब क्षेत्र की बंसल बस्ती शनिवार रात अचानक हिंसा की आग में झुलस उठी जब दो पक्षों के बीच मामूली विवाद ने विकराल रूप ले लिया। इस घटना में दोनों ओर से जमकर पथराव और बोतलबाजी हुई, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तत्काल मोर्चा संभाला और अब तक 17 लोगों के खिलाफ बलवे सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। बता दे घटना की शुरुआत एक साधारण सड़क विवाद से हुई, जब बाइक की हल्की टक्कर को लेकर कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने अपने-अपने गुट बुला लिए और देखते ही देखते पूरा इलाका रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। झगड़े के दौरान न केवल आमने-सामने पत्थरबाजी हुई, बल्कि कांच की बोतलें फेंकी गईं। पुलिस का कहना है कि जब मौके पर बल पहुंचा, तो उपद्रवियों ने पुलिस दल पर भी पथराव कर हमला करने की कोशिश की। हालात की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सिविल लाइन, कोतवाली और बिछिया थानों से अतिरिक्त बल बुलाया गया। सीएसपी राजीव पाठक के नेतृत्व में पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए उपद्रवियों को खदेड़ा और स्थिति पर काबू पाया। कोतवाली थाना प्रभारी श्रृंगेश सिंह राजपूत ने बताया कि अब तक एक पक्ष से 8 और दूसरे से 9 लोगों को नामजद करते हुए एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामले को बलवा और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने जैसे आरोपों में पंजीबद्ध किया है। वर्तमान में क्षेत्र में 4-1 का बल तैनात है और रविवार शाम कांबिंग गश्त भी की गई ताकि कोई अप्रिय स्थिति फिर से उत्पन्न न हो। पुलिस अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में अब हालात पूरी तरह से सामान्य हैं, लेकिन सतर्कता बरती जा रही है।बॉक्ससात घायल, अस्पताल में भर्तीइस घटना में दोनों पक्षों के कुल 7 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### मोडिफाइड सात वाहनों पर बड़ी कार्रवाई

**रीवा**। शहर के यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले मोडिफाइड वाहनों के खिलाफ रीवा कलेक्टर के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) ने बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में दो वाहनों को जप्त किया गया है, और पाँच पर चालानी कार्रवाई की गई जो बिना अनुमति बॉडी परिवर्तन कर आइसक्रीम एवं फास्ट फूड की बिक्री में लगे हुए थे।सूचना के अनुसार, सिरमौर चौराहे के निकट तथा कोठी कंपाउंड क्षेत्र में कई मोडिफाइड वाहन लंबे समय से खड़े रहते थे, जिनमें आइसक्रीम व फास्ट फूड का व्यापार किया जाता था। इन वाहनों का बॉडी स्ट्रक्चर मूल निर्माण से परिवर्तित कर दिया गया था, जो कि मोटर यान अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के विपरीत है।इन वाहनों को मुख्य सड़क पर खड़ा कर सामान बेचे जाने से मार्ग संकीर्ण हो जाता था और यातायात में बाधा उत्पन्न होती थी। इससे स्थानीय नागरिकों एवं राहगीरों को लगातार जाम की समस्या झेलनी पड़ रही थी।

# पीएम आवास योजना में घोटालों का भूचाल

# गरीबों का हक डकार गए अमीर, अपात्रों को मिले आशियाने

**ननि प्रशासन ने अपात्रों को आवंटित कर दिए आवास, गरीब भटकते रहे, जांच में सामने आया सच**

प्रधानमंत्री आवास योजना की पारदर्शिता और गरीबों को आशियाना देने की मंशा को रीवा नगर निगम ने पलीता लगा दिया है। जांच में सामने आया है कि जिनके पास पहले से मकान हैं, जो लग्जरी गाड़ियों में घूमते हैं, उन्हें बीपीएल परिवारों के हक का मकान आवंटित कर दिया गया।

हरिभूमि न्यूज, रीवा।



वहीं असली जरूरतमंद हितग्राही मकान की आस में दर-दर भटकते रहे। नगर निगम की आंतरिक जांच ने पूरे सिस्टम की पोल खोल दी है। गोल क्वार्टर, एसएफ, सुंदर नगर और ललपा तालाब जैसे इलाकों में बने सैकड़ों आवासों में से बड़ी संख्या में मकान अपात्रों के कब्जे में हैं। शुरुआती जांच में ही 126 आवासों में से 63 आवास फर्जी पाए गए हैं। स्थिति यह है कि जिन लोगों के नाम पर मकान आवंटित हैं, वहां रह कोई और रहा है या मकान किराए पर दे दिया गया है। कुछ मामलों में तो मकान में असामाजिक गतिविधियों की भी पुष्टि हुई है। पीएम आवास योजना के तहत मिलने वाले मकानों की एक अहम शर्त यह है कि हितग्राही खुद उस मकान में निवास करेगा। न तो वह उसे किराए पर दे सकता है और न ही बेच सकता है। लेकिन नगर निगम की जांच में सामने आया है कि सिर्फ गोल क्वार्टर इलाके में ही 53 मकान किराए पर दे दिए गए हैं। कुछ मकानों में तो आपत्तिजनक गतिविधियां भी दर्ज की गई हैं। बता दे हाल ही में एक मामले में एक राजनीतिक नेता की पत्नी ने एक मकान में युवती के साथ पति को रंगे हाथ पकड़ लिया, जिसके बाद हंगामा हुआ और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मामले की जांच के दौरान पाया गया कि वह मकान पप्पू कनौजिया नामक नेता की पत्नी बंदना कनौजिया के नाम पर है, जबकि वह पहले से पोखरी टोला में निवास करते हैं। दस्तावेजों की जांच में फर्जीवाड़े के कई सुराग मिले हैं।बॉक्सफर्जीवाड़े में रिटायर अफसरों पर शक की सुई नगर निगम में इस योजना के पूर्व नोडल अधिकारी, संपत्ति प्रभारी और तकनीकी अफसरों पर मिलीभगत के आरोप हैं। इनमें से अधिकांश अधिकारी अब सेवा से रिटायर हो चुके हैं। बताया जाता है कि शुक्ला, दहायक, संतोष पांडेय जैसे अफसरों के कार्यकाल में ही यह आवंटन प्रक्रिया पूरी की गई थी। संतोष पांडेय हाल ही में जुलाई में रिटायर हुए हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि निगम आयुक्त इन अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हैं या मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा।बॉक्सरद्द होंगे फर्जी आवंटननगर निगम आयुक्त ने शुरुआती जांच रिपोर्ट के आधार पर सभी फर्जी लाभार्थियों को नोटिस जारी करने और आवंटन निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने स्पष्ट कहा है कि जो हितग्राही खुद मकान में निवास नहीं कर रहे, उनका आवंटन रद्द किया जाएगा।बॉक्सअब जांच के घेरे में सुंदर नगर और ललपा तालाब की साइटेंगोल क्वार्टर के बाद नगर निगम की नजर अब उन साइटों पर है, जहां 100 फीसदी आवंटन हो चुका है सुंदर नगर और ललपा तालाब और एसएफ, सूत्रों के अनुसार इन साइटों में गड़बड़ी की आशंका कहीं ज्यादा है। यदि पूरे जिले में आवंटन की ईमानदारी से जांच हो, तो पीएम आवास योजना में हुई करोड़ों की अनियमितता उजागर हो सकती है।बॉक्सक्या कहता है नियमपीएम आवास योजना के अंतर्गत केवल बीपीएल परिवारों को ही आवास आवंटित किए जाते हैं।आवंटित मकान को किराए पर देना या बेचना प्रतिबंधित है।हितग्राही को मकान में खुद निवास करना अनिवार्य है।फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मकान लेने पर आवंटन रद्द किया जा सकता है, साथ ही विधिक कार्रवाई भी संभव है।





## जिले भर में कार्यालयों में चलाया गया हर घर तिरंगा और स्वच्छता अभियान

**रीवा**। जिले भर में कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में हर घर तिरंगा अभियान और स्वच्छता अभियान चलाया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने सुबह 8 बजे से 10 बजे तक कार्यालय तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की। कार्यालय के अभिलेखों को व्यवस्थित किया गया। इसके साथ-साथ विभिन्न कार्यालयों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 11 अगस्त को जन अभियान परिषद द्वारा विकासखण्ड त्योंथर के ग्राम सोहागी में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, जिला शिक्षा केन्द्र में जिला समन्वयक विनय मिश्रा तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों ने साफ-सफाई की। इसी तरह ग्राम पंचायत सदहना में पंचायत भवन परिसर में सरपंच एवं ग्रामीणों ने साफ-सफाई की। ग्राम पंचायत लेडुआ तथा जनपद पंचायत सिरमौर में साफ-सफाई करके तिरंगा रैली निकाली गई। इसी तरह जनपद शिक्षा केन्द्र रीवा, ग्राम पंचायत कुशहा, जनपद शिक्षा केन्द्र रायपुर कर्चुलियान, आंगनवाड़ी केन्द्र त्योंथर तथा ग्राम पंचायत सोनौरा एवं इटौरा में भी साफ-सफाई करके तिरंगा रैली निकाली गई। कलेक्टर ने बताया कि कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ कार्यालय परिसर की सफाई करके हर घर तिरंगा अभियान में योगदान दिया। संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय में जनसम्पर्क अधिकारी उमेश तिवारी तथा शिवप्रसन्न शुक्ल सहित अन्य कर्मचारियों ने साफ-सफाई की। संभागीय आईटीआई में प्राचार्य, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने परिसर में साफ-सफाई की। एसडीएम हुजूर कार्यालय में एसडीएम वैशाली जैन तथा अन्य राजस्व अधिकारियों ने कार्यालय में साफ-सफाई के बाद तिरंगा रैली निकाली। कार्यपालन यंत्री आरईएस एसबी रावत ने कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ साफ-सफाई कर तिरंगा रैली में शामिल हुए। अधीक्षण यंत्री ऊर्जा बृजेश शुक्ला ने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ कार्यालय में साफ-सफाई कराई। हर घर तिरंगा अभियान के तहत अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा कार्यालय, सहायक आबकारी आयुक्त कार्यालय, संभागीय पेंशन कार्यालय, एसडीएम कार्यालय सिरमौर, जनपद पंचायत कार्यालय सिरमौर, जिला आयुष कार्यालय, जिला सूचना विज्ञान केन्द्र, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय तथा नगर निगम कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों में साफ-सफाई की गई।

## मढ़ी खुर्द में लाखों का घोटाला, सरपंच व सचिव पर फर्जी भुगतान, भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, ईओडब्ल्यू मे हुई शिकायत

रीवा।

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू ) रीवा में ग्राम पंचायत मढ़ी खुर्द जनपद पंचायत गंगेव की सरपंच राजकुमारी साहू एवं पंचायत सचिव उग्रसेन पटेल के विरुद्ध लाखों रुपये के गबन, भ्रष्टाचार एवं फर्जी भुगतान के आरोपों को लेकर गंभीर शिकायत हुई है, शिकायतकर्ता राकेश सिंह द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार, पंचायत के फंड से बिना किसी कार्य के लाखों रुपये निकाले गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की मांग की गई है। बता दे पंचायत के कन्टिन्जेन्सी मद से बिना किसी तकनीकी स्वीकृति के दो प्रमुख भुगतानों में लाखों रुपये आहरित किए गए जिसमे भुगतान क्रमांक 3424745 दिनांक 30 मार्च को 20 बिल लगाकर 2,41,614 की राशि निकाली गई, व भुगतान क्रमांक 3451154 दिनांक 26/04/2025 को 6 बिलों के माध्यम से 1,22,450 की राशि आहरित की गई।दोनों ही भुगतान बिना कार्य और तकनीकी स्वीकृति के किए गए हैं। शिकायत पत्र में बताया गया कि 15वीं वित्त आयोग से प्राप्त 20 लाख की राशि खर्च किए जाने के बावजूद, पंचायत में कोई वास्तविक कार्य नहीं कराया गया है, बता से विधायक निधि से 3 लाख मुरमीकरण कार्य के लिए निकाले गए, लेकिन धरातल पर कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ। वही सरपंच के घर से हाईवे तक 10 लाख की लागत से पीसीसी रोड बनाया गया, जो सरकारी पट्टे की जमीन पर बिना स्वीकृति के निर्मित है। इसमें सीमेंट और बालू की मात्रा बेहद कम बताई जा रही है, जिससे निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन एवं क्षतिग्रस्त हो चुका है वहीं, अवैध रूप से एक पुलिया का निर्माण भी पट्टे की भूमि में कराया गया है जिसकी लागत लगभग 2 लाख आंकी गई है।बॉक्सफर्जी बिल, फर्जी सप्लाई और भुगतान का खेलबता दे कम्प्यूटर मरम्मत के नाम पर 22,100 की निकासी की गई जबकि पंचायत में एक भी कम्प्यूटर नहीं है। स्टेशनरी मद से 50,000 का भुगतान किया गया लेकिन एक भी रजिस्टर नहीं खरीदा गया। फर्नीचर मरम्मत के नाम पर 38,000 की राशि प्रकाश पांडेय के नाम निकाली गई, जिनकी पहचान एक मोबाइल दुकानदार के रूप में है न कि फर्नीचर सप्लायर।बॉक्स नाली निर्माण और टेंट घोटालाहाईवे पर तिवारियान बस्ती वार्ड क्रमांक 1 में बनाई गई नाली, जो कि मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के अंतर्गत आती है, वह पंचायत द्वारा बनाई गई, जो नियमों के खिलाफ है। निर्माण की गुणवत्ता भी बेहद निम्न स्तर की पाई गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि टेंट व्यवस्था के नाम पर 50,000 की राशि का दुरुपयोग हुआ, जबकि कोई आयोजन हुआ ही नहीं।बॉक्स सरपंच पति को नियमविरुद्ध आवास योजना का लाभशिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि सरपंच पति अनिल साहू, जिनके पास 8 एकड़ कृषि भूमि है, उनका बेटा नौकरी में है और उनके घर में 8–10 पक्के कमरे हैं, फिर भी उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है। यह सरकारी नियमों का सीधा उल्लंघन है क्योंकि कोई भी पदस्थ जनप्रतिनिधि स्वयं या अपने परिवार को लाभ नहीं दे सकता।




## रक्षाबंधन की खुशियां मातम में बदलीं, खदान और नदी में डूबे दो मासूम, पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच, गांव में पसरा मातम

रीवा।

जिला में रक्षा बंधन त्योहार की खुशिया उस समय मातम में बदल गई जब उनके घर के चिरागों की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना रीवा जिले के डभौरा थाना क्षेत्र के घूमन गांव में स्थित खदान में सामने आई जहां दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई, घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक डभौरा थाना क्षेत्र के घूमन गांव रक्षा बंधन के दिन खदान में डूबने से दो किशोर बालकों की मौत हो गई। दोनों किशोर रिश्ते में भाई थे, जो खदान में नहाने गए थे। शनिवार की शाम करीब 4 बजे बालक खदान में नहाने गए थे, जिसके बाद जब शाम तक वो घर नहीं आए तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। खदान के पास दोनों के चप्पल मिले जिसके बाद परिजन खदान में उनको देखने लगे और शाम करीब 6.30 बजे दोनों बालकों के शव मिले। परिजनों सहित ग्रामीणों के बीच इस हादसे के बाद कोहराम मच गया और सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने रविवार को मृतक शिव अवतार (10) पिता हरिओम पाल और सुनील पाल (12) पिता देशराज पाल, निवासी घूमन के शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया जिसके उपरांत उन्हे परिजनों को सौप दिया गया। डभौरा थाना प्रभारी ऋषभ सिंह ने बताया कि बालकों के खदान में डूबने की सूचना पर घूमन गांव घटनास्थल पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे थे दोनों शवों को डभौरा अस्पताल भेजा। उन्हाने बताया कि शनिवार के दिन दोपहर में दोनों बच्चे खदान के भरे हुए पानी में नहाने गए थे, इसी दौरान डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम का माहौल है, वहीं मर्ग कायम कर पुलिस पूरी घटना की जांच में लगी हुई है।



## हर घर तिरंगा और स्वच्छता अभियान की गतिविधि लगातार आयोजित करें - कलेक्टर



मऊगंज

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने अधिकारियों हर घर तिरंगा अभियान और हर घर स्वच्छता अभियान के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप सभी नगरीय निकाय के वार्डों तथा सभी ग्राम पंचायतों में हर घर तिरंगा अभियान चलाएं। अभियान के तहत तिरंगा साइकिल रैली, मोटर साइकिल रैली, रंगोली निर्माण तथा देशभक्ति गीतों के कार्यक्रम आयोजित करें। सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारी संघों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आमजनों को इस अभियान में सहभागी बनाएं। सभी अधिकारी अभियान के तहत आयोजित गतिविधियों का व्यापक प्रचार प्रसार करें। अच्छे फोटोग्राफ्स तथा विवरण के साथ जानकारी हर घर तिरंगा अभियान पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। अभियान के दौरान आमजनता को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा देश की एकता और गौरव का प्रतीक है। इसके साथ-साथ नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों तथा स्कूलों में 14 अगस्त तक स्वच्छता अभियान चलाएं। सभी कार्यालयों में साफ-सफाई का अभियान चलाएं। हर घर तिरंगा अभियान के तहत महाविद्यालयों और हायर सेकण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों के साथ मिलकर तिरंगा साइकिल रैली निकालें। सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में रंगोली एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता और हर घर तिरंगा अभियान का संदेश दें। सभी कार्यालयों में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक ध्वज संहिता का पालन करते हुए तिरंगा फहराएं। निजी और शासकीय वाहनों में भी तिरंगे फहराकर अभियान का संदेश दें। बैठक में पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीलम इन्द्रपाल सिंह, डॉ राजेन्द्र मिश्रा, एसडीएम बीके पाण्डेय सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हनुमना में यूरिया खाद की कालाबाजारी पर छापेमारी 80 बोरी अवैध खाद बरामद

मऊगंज

जिले के हनुमना तहसील के अंतर्गत ग्राम खूंटा बेदौलियान में प्रशासन ने अवैध रूप से यूरिया खाद की बिक्री करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देशन पर हनुमना एसडीएम रश्मि चतुर्वेदी एवं हनुमना पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस दौरान मौके से 80 बोरी यूरिया खाद बरामद की गई, जिसे कालाबाजारी के उद्देश्य से अवैध रूप से संग्रहित किया गया था।अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई किसानों को समय पर उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए की गई है। बरामद खाद को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसानों की जरूरत का सामान अवैध रूप से जमा कर बेचने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

